Title: Need to provide more Railway facilities at Khurja in Uttar Pradesh.

11.33 hrs.

श्री अशोक प्रधान (खुर्जा): मेरे लोक सभा क्षेत्र खुर्जा व जिला मुख्यालय बुलन्दशहर से हजारों दैनिक यात्री देहली आते जाते हैं, परन्तु खुर्जा से सीधी रेल सेवा दिल्ली के लिए नहीं है। ११वीं लोक सभा के समय भी यह बात मैंने सदन में उठाई थी और चौला, बुलन्दशहर में नई रेल बिझाने का सर्वेक्षण कार्य होना स्वीकृत हुआ था, परन्तु उस कार्य में अभी तक प्रगति नहीं हुई है। अब मैं सरकार से मांग करता हूं कि चौला से बुलन्दशहर लाइन तुरन्त बनवाई जाए तथा खुर्जा-दनकौर के मध्य पड़ने वाले खानपुर का हाल्ट स्वीकृत हो गया है, उसको तुरन्त शुरू कराया जाए और टिकिट वितरण की व्यवस्था की जाए जिससे कि वहां सरकार के सारी व्यवस्थाओं पर लगे पैसै का सही उपयोग हो सके और रेलवे को जो राजस्व की हानि हो रही वह भी बचाई जा सके। खुर्जा, बुलन्दशहर से सीधे प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए भी एक रेल सेवा शुरू कराई जाए व सभी एक्सप्रैस ट्रेनों का हाल्ट करवाया जाए जिससे हजारों यात्री, जो लखनऊ के लिए जाना है वे या तो अलीगढ़ से या हापुड़ से ट्रेन पकड़ते हैं, उनको लाभ मिल सके।

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: We have taken up the matters under Rule 377. What is this?